हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 12 सितंबर 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

**********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थाई वैश्विक व्यापार को सुचारु बनाए रखने के लिए सुरक्षित समुद्री मार्ग, निर्बाध आपूर्ति मार्ग और समुद्री नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कल ब्रिक्स व्यापार मंच में ब्रिक्स देशों से व्यापारिक बाधाए को दूर करने और कारोबार के लिए नए अवसरों का विस्तार करने की दिशा में काम करने का भी आग्रह किया।

*ग्लोबल ट्रेड तभी आगे बढ सकता है जब सी-लेनस् सिक्योर हो। सप्लाई रूट ओपन हो और सी फेरस सेफ हो और इसलिए भारत फ्रीडम आफ नेवीगेशन और सी फेरस की सेफ्टी का दृढ समर्थक है।*

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विश्व में बढ़ती व्यापारिक बाधाओं के बीच भारत आर्थिक सेतु बनाने की दिशा में काम कर रहा है।

*आज जब दुनिया में ट्रैड बैरियर बढ रहे है, भारत इकोनॉमिक ब्रिजेस बना रहा है। 2014 के बाद से हमने दुनिया के करीब 40 कंट्रीज के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंटस किये है। ब्रिक्स में भी हमारी अप्रोच यही है की बैरियर को कम करना और बिजनेस के लिए अवसर बढाना है*

**********************************************************************

ब्रिक्स देशों के बीच कृषि व्यापार, प्रौद्योगिकी, नवाचार और सहयोग को मजबूत करने के लिए एक समर्पित ब्रिक्स एग्री पोर्टल जल्द जारी किया जाएगा। यह निर्णय "ब्रिक्स में कृषि उत्पादों और एग्री-टेक स्टार्टअप्स को बढ़ावा देना" विषय पर आयोजित सत्र के दौरान लिया गया, जिसकी अध्यक्षता ब्रिक्स व्यापार परिषद (भारत) के सदस्य डॉ. विक्रमजीत सिंह साहनी ने की।

डॉ.साहनी ने कहा कि ब्रिक्स एग्री पोर्टल ब्रिक्स देशों के किसानों, एग्री-टेक स्टार्टअप्स, शोधकर्ताओं, निवेशकों और व्यवसायों को जोड़ने वाला एक साझा मंच तैयार करेगा। यह व्यापक बाजार पहुंच, प्रौद्योगिकी और सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों के आदान-प्रदान को सुगम बनाएगा तथा कृषि व्यापार और निवेश के लिए नए अवसर खोलेगा।

डॉ. साहनी ने कहा कि ब्रिक्स एग्री पोर्टल किसानों के लिए एग्री-टेक मशीनरी और कृषि मशीनीकरण हेतु किफायती वित्तपोषण उपलब्ध कराने में मदद करेगा, कृषि मूल्य श्रृंखला को मजबूत करेगा तथा बेहतर फसल कटाई-पश्चात प्रबंधन और मूल्य संवर्धन को बढ़ावा देगा।

*************************************************************************

हरियाणा में सफाई कर्मचारी काम पर लौट आए हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से कल चंडीगढ़ में हुई बैठक के बाद में सफाई कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल वापिस ली। सरकार ने पालिका रोल कर्मचारियों को 440 रुपये मासिक वर्दी भत्ता और 2 हजार रुपये जोखिम भत्ता देने पर सहमति जताई है। वहीं सीवरमैन के वेतन में 2 हजार 100 रुपये बढ़ोतरी को सैद्धांतिक मंजूरी मिली है।

सरकार ने पालिका रोल पर और हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को पुनः सेवा में लेने और निलंबित नियमित कर्मचारियों की बहाली की मांग भी मान ली है । कैशलेस चिकित्सा सुविधा, वार्षिक स्वास्थ्य जांच और रिक्त पदों पर भर्ती तेज करने सहित कई अन्य मांगों को भी स्वीकार किया है ।

*************************************************************************

करनाल जिले में गत एक सप्ताह में डेंगू के दो और स्वाइन फ्लू के तीन नए मामले सामने आए हैं। जनवरी से अब तक जिले में डेंगू के 19 और मलेरिया के दो मरीज मिले हैं।
जिले की नोडल अधिकारी डॉ. अनु ने बताया कि विभाग पूरी तरह सतर्क है। बीमारी की रोकथाम और मच्छरों के नियंत्रण के लिए व्यापक अभियान शुरू किया है। विभाग ने शहरी क्षेत्रों में 29 और ग्रामीण क्षेत्रों में 150 टीमें तैनात की हैं, जो घर-घर जाकर मच्छरों के लार्वा की जांच के साथ-साथ लोगों को जलजमाव रोकने और साफ-सफाई के प्रति जागरूक कर रही हैं।
स्वास्थ्य विभाग की ओर से करनाल के नागरिक अस्पताल, कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, उपमंडल अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डेंगू, मलेरिया और स्वाइन फ्लू के मरीजों के लिए विशेष वार्ड की व्यवस्था भी की गई है।
*************************************************************************
होडल की अपराध जांच शाखा पुलिस की टीम ने कल पुन्हाना मार्ग पर डाडका मोड़ से एक व्यक्ति को देसी कट्टे व जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक दीप्ति गर्ग और पुलिस जांच अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान दिलशाद के रूप मे हुई है। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस

अधीक्षक ने कहा कि जिले में अवैध हथियारों की तस्करी मे संलिप्त किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा।

*****************************************************************************

गौवंश में फैल रही लंपी स्किन बीमारी से बचाव और रोकथाम के लिए पशुपालन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी कड़ी में पशुपालन विभाग की टीम ने भिवानी जिले के गांव प्रहलाद गढ़ का दौरा किया।

*****************************************************************************